गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट./2022 14.02.2022

| | |
|---|---|
| 1. लिस्टिंग अनुपालन<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल,<br>प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)<br>मुंबई - 400051<br>**प्रतीक: - गेल (ईक्यू)** | 2. लिस्टिंग अनुपालन<br>बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड<br>मंजिल 1, फिरोज़ जीजीभॉय टावर्स<br>दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई - 400001<br><br>**स्क्रिप कोड - 532155** |

महोदय / महोदया,

कृपया **"श्री दीपक गुप्ता द्वारा निदेशक (परियोजना), गेल के रूप में कार्यभार ग्रहण करना"** संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

धन्यवाद,
भवदीय

नि. अनिल कुम.

(ए. के. झा)
कंपनी सचिव
**संलग्न: उपरोक्त के अनुसार**

**प्रति:**
ड्यूश बैंक एजी, फिलियाले मुंबई
टीएसएस और ग्लोबल इक्विटी सर्विसेज
द कैपिटल, 14 वीं मंजिल
सी -70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

**गेल (इंडिया) लिमिटेड**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**श्री दीपक गुप्ता ने गेल, निदेशक (परियोजना) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया**

**नई दिल्ली, 14 फरवरी, 2022 :** श्री दीपक गुप्ता ने गेल (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक (परियोजना) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। श्री गुप्ता एक मैकेनिकल इंजीनियर, जो दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के पूर्व छात्र हैं, जिनके पास परियोजना प्रबंधन, निर्माण प्रबंधन और व्यापार विकास कार्यों को शामिल करते हुए तेल और गैस क्षेत्र में 31 वर्षों से अधिक का समृद्ध और विविध अनुभव है।

गेल अगले कुछ वर्षों में 25,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से अपने पाइपलाइन नेटवर्क के विस्तार को 5,600 किलोमीटर से अधिक तक क्रियान्वित कर रहा है। गेल के पास लगभग 14,000 किमी के प्राकृतिक गैस पाइपलाइन प्रचालन के क्रॉस कंट्री नेटवर्क का स्वामित्व है। गेल के पास एलपीजी ट्रांसमिशन पाइपलाइनों के 2,000 किमी से अधिक नेटवर्क का स्वामित्व और प्रचालन है तथा एलपीजी और तरल हाइड्रोकार्बन का उत्पादन करने वाली पांच गैस प्रसंस्करण इकाइयां हैं।

श्री गुप्ता 12 फरवरी, 2022 को अपना नया पद ग्रहण करने से पहले, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) में कार्यकारी निदेशक (परियोजना) के रूप में कार्यरत थे।

वह पीएमआई, यूएसए द्वारा एक प्रमाणित परियोजना प्रबंधन पेशेवर (पीएमपी) हैं और अवधारणा से लेकर कमीशनिंग तक रिफाइनरी, पेट्रोकेमिकल और पाइपलाइन परियोजनाओं के परियोजना प्रबंधन में व्यापक और गहन अनुभव है तथा भारत में सभी प्रकार के परियोजना कार्यान्वयन की कई सफल परियोजनाओं के निष्पादन का नेतृत्व किया है। उन्होंने अत्यधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण तेल और गैस परियोजनाओं को लागू करने के लिए भौगोलिक क्षेत्रों में मल्टी – डिसिप्लिनरी और क्रॉस-फ़ंक्शनल टीमों के साथ सफलतापूर्वक सहयोग किया है।

ईआईएल में, वह नाइजीरिया में मल्टी- बिलियन डॉलर 650 केबीपीएसडी डांगोटे रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल परियोजना, जो दुनिया की सबसे बड़ी सिंगल ट्रेन ग्रासरूट रिफाइनरी और कार्यान्वयन के तहत अफ्रीकी महाद्वीप में सबसे बड़ा रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स भी है, के कार्यान्वयन का नेतृत्व करने में अग्रणी रहे हैं । इस विशाल परियोजना के अलावा उन्होंने भटिंडा में एचएमईएल के लिए सबसे बड़ी पॉलीमर सुविधाओं में से एक तथा मंगोलिया में आगामी पहली रिफाइनरी परियोजना के कार्यान्वयन का भी नेतृत्व किया है। उपर्युक्त के अतिरिक्त उन्होंने टीम ईआईएल के अंग के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया है जिसे गेल के लिए पाता में पेट्रोकेमिकल विस्तार परियोजना और मैंगलोर में एमआरपीएल चरण III विस्तार परियोजना की पीएफसीसी इकाई के सफल कार्यान्वयन का श्रेय दिया जाता है।